Regarding construction of four lane road from Radhanpur to Patan

in Gujarat-laid

श्री भरतसिहंजी शंकरजी डाभी (पाटण) : मेरे संसदीय क्षेत्र पाटण में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एनएच 68 पर पाटण से गोजारिया तक चार लेन सड़क को मंजूरी दे दी है और चरण-1 में 75% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि राधनपुर से रोडा होते हुए पाटण तक चार लेन का निर्माण कार्य (फेज-2) आज तक शुरू नहीं हो सका है । मुझे यह भी ज्ञात हुआ कि 2017 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त सड़क की अब तक मरम्मत नहीं करायी गयी है । यहां तक कि रिसरफेसिंग के लिए भी आवेदन सुनने को मिला है । अत: माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि वे राधनपुर से रोड़ा होते हुए पाटण तक एनएच 68 पर चार लेन सड़क का निर्माण शुरू करने के साथ-साथ 2017 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत और रिसरफेसिंग सहित अन्य कार्यों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के माध्यम से शीघ्र पूर्ण करवाये।